दिन– बुधवार                                                    दिनांक– 04 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                          अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने कहा – भारत–अमरीका व्यापार समझौते में सरकार ने कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा है।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो सौ तेरह प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का दिया निर्देश।

03. राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने पटना का नाम बदलकर पाटलिपुत्र करने की मांग की।

04. और, मौसम विभाग ने अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई।

---

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत–अमरीका व्यापार समझौते में सरकार ने उर्वरक और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा है। लोकसभा में श्री गोयल ने कहा कि भारत और अमरीका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता आपसी संबंधों को मजबूत करने और वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लोकसभा में श्री गोयल ने कहा कि इस समझौते के दौरान भारत संवेदनशील क्षेत्रों, कृषि और दुग्ध उत्पादन में अपने हितों की रक्षा करने में सफल रहा है। श्री गोयल ने कहा कि इस कदम से अमरीकी बाजार में भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

–––बाइट–––

श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता लघु और मध्यम व्यापारियों, एम.एस.एम.ई. उद्यमों, कुशल श्रमिकों और उद्योग जगत को नए अवसर देगा।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सात निश्चय–तीन के तहत उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि अभी दो सौ तेरह प्रखंडों में

कोई भी अंगीभूत या संबद्ध डिग्री कॉलेज नही हैं। इन सभी प्रखंडों में इस वर्ष जुलाई महीने तक डिग्री कॉलेज खोलने और पढ़ाई शुरू करने के निर्देश दिये गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पुराने और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का भी फैसला किया गया है। इसके तहत कुल पचपन संस्थान चयनित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना से लड़कियों को शिक्षा में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किये जाने से युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा पाने में आसानी होगी और इन संस्थानों का गौरव भी पुनर्स्थापित होगा।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत एक सौ बहत्तर रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में ये जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए अब तक एक हजार तीन सौ सैंतीस स्टेशनों की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि योजना में स्टेशनों के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने और इसका चरणबद्ध कार्यान्वयन किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मास्टर प्लान में स्टेशन तक पहुंच मार्ग में सुधार, स्टेशनों पर प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, बैठने, पेय जल की व्यवस्था, पार्किंग क्षेत्र तथा दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं शामिल हैं।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने पटना का नाम बदलकर पाटलिपुत्र करने की मांग की है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि कई जगहों के नाम बदले गए हैं और पटना की ऐतिहासिक विरासत को देखते हुए इसका नाम बदलकर पाटलिपुत्र किया जाना चाहिए।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुनर्विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने आज पीएमसीएच पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की।

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और सामाजिक न्याय की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। श्री कुमार जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

---

केन्द्र सरकार के अनुरोध पर भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को सरकारी कामकाज से जुड़ी अपनी सभी शाखाओं को इकतीस मार्च को खुला रखने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में प्राप्तियों और भुगतानों से संबंधित सभी सरकारी लेन–देन का हिसाब रखने के लिए यह निर्देश जारी किया गया है। गौरतलब है कि चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इकतीस मार्च को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश है।

---

प्रदेश में मौसम के रूख में एक बार फिर परिवर्तन देखा जा रहा है। आज सुबह मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज समेत दस जिलों में घना कोहरा छाया रहा। गयाजी में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता सौ मीटर दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

राजद नेता और गोपालगंज के पूर्व विधायक रियाजुल हक उर्फ राजू जी आज अपने समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हुए। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार भी उपस्थित थे।

---

जनशक्ति जनता दल पश्चिम बंगाल चुनाव में अपने उम्मीदवार देगी। पार्टी प्रमुख तेज प्रताप यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में गठबंधन के लिए विभिन्न दलों से बातचीत चल रही है।

———बाइट———

---

पूर्णिया कोर्ट से हटिया जाने वाली कोसी एक्सप्रेस का परिचालन पांच फरवरी से इक्कीस मार्च तक बख्तियारपुर, राजगीर, तिलैया और कोडरमा के रास्ते किया जाएगा। पूर्व मध्य रेल ने कहा है कि तकनीकी कारणों से ट्रेन का परिचालन दूसरे रूट से किया जा रहा है। पहले इस ट्रेन का परिचालन गया के रास्ते किया जाता था।

---

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी दिल्ली के सेवानिवृत महानिदेशक शैलेश कुमार मालवीय के सम्मान में आज पीआईबी, पटना में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पटना स्थित सभी इकाईयों–पीआईबी, आकाशवाणी, दूरदर्शन और सीबीसी के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विदाई समारोह में श्री मालवीय के योगदान को याद किया गया।

---

आज विश्व कैंसर दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और सरकार के सहयोग से हर साल कैंसर से होने वाली लाखों मौत को टालना है। वैश्विक मृत्यु दर में कैंसर प्रमुख कारण है। आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक छह में से एक व्यक्ति की मृत्यु कैंसर से होती है और लगभग हर घर प्रभावित होता है। नई दिल्ली स्थित एम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एम. डी. रे ने कहा कि कैंसर एक लाइलाज बीमारी है। उन्होने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच करवाते रहना चाहिए और कैंसर से बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने चाहिए।

———बाइट———

"आज वर्ल्ड कैंसर डे। मैं यही बोलना चाहता हूं, कैंसर इज अ प्रिवेंटेबल इवेनडिजी। कैंसर का जो मोस्ट कॉमन कॉज है, वो तम्बाकू रिलेटिड प्रोडक्ट होता है, जैसे सिगरेट, स्मॉकिंग, एल्कोहल एंड पॉल्यूशन, बेड लाइफ स्टाइल। कैंसर ठीक भी हो सकता है। कैंसर अगर ठीक टाइम पर डिटेक्ट हो। सो देन कैंसर में कोई डरने की बात नहीं है। वी केन फाइट द कैंसर एंड कैसर शुड बी अंडर आवर कंट्रोल, नोट वी शुड बी अंडर कैंसर कंट्रोल।"

इधर, विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा—सीटीईटी दो चरणों में आयोजित की जायेगी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने बताया कि पहले यह परीक्षा एक ही दिन ली जानी थी लेकिन परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण इसे दो दिन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा सात और आठ फरवरी को आयोजित की जायेगी।

---

पटना के दानापुर और रूपसपुर थाना क्षेत्रों में आर्थिक अपराध इकाई और पुलिस की टीम ने छापेमारी कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में बाईस लोगों की गिरफ्तारी हुयी है। इनके पास कई मोबाईल, लैपटॉप और एटीएम कार्ड समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं। इधर, शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत छबीलाठीका गांव से पुलिस ने पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के जागपाकड़ गांव से एसटीएफ और डीआईओ की टीम ने बीस हजार रुपए के इनामी डकैत मिथुन राम को गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

---

खगड़िया जिले की चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस, डीआईयू और पटना एसटीएफ की टीम ने जिले के पचास हजार रुपये के ईनामी अपराधी दिलखुश कुमार को भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पर हत्या, आर्म्स एक्ट और रंगदारी के कई मामले दर्ज हैं।

---

सहरसा व्यवहार न्यायालय ने आर्म्स एक्ट मामले के दोषी हरिओम कुमार को विभिन्न धाराओं के तहत छह वर्ष कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

मुजफ्फरपुर नगर थाना क्षेत्र के माखन साह चौक के पास एक युवक की अपराधियों ने हत्या कर दी। पुलिस ने प्रेम प्रसंग को हत्या का कारण बताया है।

---

पटना के दनियावां थाना क्षेत्र में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस से चार लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की गयी है। मौके से चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

औरंगाबाद जिले के चौवनवें स्थापना दिवस के अवसर पर गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में जिला प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार ने कहा – भारत–अमरीका व्यापार समझौते में सरकार ने कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा है।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो सौ तेरह प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का दिया निर्देश।

03. राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने पटना का नाम बदलकर पाटलिपुत्र करने की मांग की।

04. और, मौसम विभाग ने अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।